# ASSUMPTION

**निर्देश: (प्रश्न 1–10)**

नीचे दिये गये प्रत्येक प्रश्न में पहले एक कथन है फिर उसके नीचे दो पूर्वधारणाएं हैं जिन्हें क्रमांक I और II दिये गये हैं। कोई पूर्वधारणा वह बात है जिसे यह तो मान लिया गया हो या वह गृहीत हो। आपकों दिये गये कथन और उसके नीचे दी गयी पूर्वधारणाओं पर विचार करने के बाद तय करना है कि कौन-सी पूर्वधारणा कथन में अंतर्निहित है:

उत्तर (1) दीजिये अगर केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है।

उत्तर (2) दीजिये अगर केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है।

उत्तर (3) दीजिये अगर या तो पूर्वधारणा I अथवा पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है।

उत्तर (4) दीजिये अगर न तो पूर्वधारणा I न ही पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है

उत्तर (5) दीजिये अगर पूर्वधारणाएं I और II दोनों अन्तर्निहित हैं।

1. कथन: एक राष्ट्रीयकृत बैंक ने राष्ट्रीय दैनिक में एक विज्ञापन जारी किया कि पात्र उम्मीदवार चार्टर्ड अकाउंटेन्ट के 100 पदों के लिए आवेदन करें।

   पूर्वधारणाएं: I. पात्र चार्टर्ड अकाउंटेन्ट इस विज्ञापन का प्रत्युत्तर देंगे।

   II. राष्ट्रीयकृत बैंक में नियुक्ति चाहने वाले पात्र चार्टर्ड अकाउंटेन्ट पर्याप्त संख्या में होंगे।

2. कथन: मानसून के शुरूआत से पहले नगरपालिका प्राधिकरण ने घोषणा की कि मानसून के दौरान शहर के रास्तों में गड्ढ़े नहीं होंगे।

   पूर्वधारणाएं: I. रास्तों की इतनी अच्छी तरह से मरम्मत की गई थी कि पुन: गड्ढ़े नहीं होंगे।

   II. पुन: गड्ढ़े हो जाने पर भी लोग शिकायत नहीं करेंगे।

3. कथन: "हमारा यूरोप हॉलिडे पैकेज देश के भीतर के कुछ हॉलिडे पैकेजों से सस्ता है", एक भारतीय यात्रा कंपनी का विज्ञापना।

   पूर्वधारणाएं: I. तुल्य लागत पर देश के भीतर यात्रा करने के बजाय लोग विदेश यात्रा पसंद करेंगें।

   II. ऐसे विज्ञापनों से जानकारी पाने के बाद लोग सामान्यत: अपने यात्रा संबंधी निर्णय लेते हैं।

4. कथन: थोक बाजार में कम कीमतों पर सब्जियां नहीं मिलने के कारण खुदरा सब्जी बेचने वालों ने सब्जियों की कीमतें लगभग 20 प्रतिशत बढ़ा दी।

   पूर्वधारणाएं: I. लोग अधिक कीमतों पर सब्जियां खरीदना पूर्णत: बंद कर देंगे।

   II. अब भी लोग खुदरा बेचने वालों से सब्जियां खरीदेंगे।

5. कथन: कालेज में विविध पूर्वस्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु फार्म लेने के लिए बड़ी संख्या में विद्यार्थी और माता-पिता लाइन में खड़े थे।

   पूर्वधारणाएं: I. कॉलेज प्राधिकरण लाइन में खड़े सभी को प्रवेश दे पायेगा।

   II. लाइन में खड़े सभी लोगों के लिए कॉलेज प्राधिकरण के पास पर्याप्त संख्या में फार्म होंगे।

6. कथन: सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी कर्मचारियों को यह सूचित करते हुए कि परिपत्र जारी किया है कि अब से कर्मचारी आधे का भोजनावकाश 1.00 बजे से 2.30 बजे अपराह्न के बीच कभी भी कर सकते हैं।

   पूर्वधारणाएं: I. कर्मचारी इस निर्णय का स्वागत करेंगे और अलग-अलग समय पर भोजनावकाश करेंगे।

   II. संस्था के कामकाज में कोई रुकावट नहीं आएगी क्योंकि कर्मचारी अलग-अलग समय पर भोजनावकाश करेंगे।

7. कथन: सरकार ने पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों को घटाने के विरुद्ध फैसला किया है यद्यपि अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में काफी गिरावट आई है।

   पूर्वधारणाएं: I. अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें निकट भविष्य में फिर बढ़ सकती हैं।

   II. पेट्रोलियम उत्पादों की वर्तमान कीमतों के अंतर से सरकार को भविष्य में कीमतों में होनेवाली किसी भी वृद्धि का मुकाबला करने में मदद मिलेगी।

8. कथन: सरकार ने सभी नागरिकों से ईमानदारी से आयकर अदा करने और आमदनी का सच्चा स्तर बताने वाली विवरणियां भरने की अपील की है ताकि सरकार को विकासात्मक गतिविधियां चलाने में मदद मिल सके।

पूर्वधारणाएं: I. अपील के प्रतिक्रिया स्वरूप लोग अधिक कर देना आरंभ कर सकते हैं।

II. निकट भविष्य में आयकर की कुल वसूली में काफी वृद्धि हो सकती है।

9. कथन: राज्य सरकार ने अगले वित्तीय वर्ष के दौरान चार हजार प्राथमिक विद्यालय शिक्षकों की नियुक्ति करने का निर्णय लिया है।

पूर्वधारणाएं: I. राज्य में चार हजार अतिरिक्त प्राथमिक विद्यालय शिक्षकों के लिए पर्याप्त स्कूल हैं।

II. हो सकता है योग्यताप्राप्त उम्मीदवार आवेदन करने में रूचि न लें क्योंकि हो सकता है सरकार अंततः इतनी बड़ी संख्या में प्राथमिक विद्यालय शिक्षकों की नियुक्ति न करें।

10. कथन: स्कूल प्राधिकरण ने आय और व्यय के अंतर को काफी हद तक कम करने के लिए अगले शैक्षणिक सत्र से प्रत्येक कक्षा में विद्यार्थियों की संख्या को बढ़ाकर सत्तर करने का निर्णय किया है।

पूर्वधारणाएं: I. अतिरिक्त विद्यार्थियों की फीस के द्वारा अर्जित आय अंतर को पुरा करने के लिए पर्याप्त होगी।

II. स्कूल को प्रत्येक कक्षा में सभी अतिरिक्त विद्यार्थी अगले शैक्षणिक सत्र में मिल जाएंगे।

## Assumption

**1.** (a)
**2.** (a)
**3.** (a)
**4.** (b)
**5.** (b)
**6.** (e)
**7.** (e)
**8.** (e)
**9.** (a)
**10.** (b)

EduBull.com